किसी के काम जो आये उसे इंसान कहते हैं लिरिक्स

किसी के काम जो आये,
उसे इंसान कहते हैं।

दोहा – मंदिर में पूजा करो,
तीर्थ करो हज़ार,
दिल में दया धरम नहीं,
तो मनवा सब कुछ हैं बेकार।

किसी के काम जो आये,
उसे इंसान कहते हैं,
पराया दर्द अपनाये,
उसे इंसान कहते हैं।bd।

यह दुनिया एक उलझन है,
कहीं धोखा कहीं ठोकर,
कोई हँस-हँस कर जीता है,
कोई जीता है रो-रोकर,
जो मुश्किल में ना घबराये,
उसे इंसान कहते हैं,
किसी के काम जो आए,
उसे इंसान कहते हैं।bd।

अगर गलती रुलाती है,
तो राहें भी दिखाती है,
मनुज गलती का पुतला है,
तो अक्सर हो ही जाती है,
जो कर ले ठीक गलती को,
उसे इंसान कहते हैं,
किसी के काम जो आए,
उसे इंसान कहते हैं।bd।

यों भरने को तो दुनिया में,
पशु भी पेट भरते हैं,
लिये इन्सान का दिल जो,
दूसरों के लिये मरते हैं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के साथी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पथिक जो बाँट कर खाये,
उसे इंसान कहते हैं,
किसी के काम जो आए,
उसे इंसान कहते हैं।bd।

किसी के काम जो आए,
उसे इंसान कहते हैं,
पराया दर्द अपनाये,
उसे इंसान कहते हैं।bd।

Upload By – Himalay Joriwal
Singer – Shree Navratan Giri Ji Maharaj

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com